समाचार

# शा.उ.मा.वि. कोरबा के उन्नयन हेतु एस.ई.सी.एल.के सीएसआर मद से 7 करोड़ 11 लाख की स्वीकृति दिलाने में अथक प्रयास किया हूं जिसका परिणाम आप सभी के सामने है–राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनेगा प्रदेश का नम्बर–1 विद्यालय–राजस्व मंत्री

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने रखी विद्यालय के नवीन भवन की आधारशिला, 06 करोड़ 61 लाख रूपये की लागत से बनेगा विद्यालय भवन)




कोरबा 18 मार्च 2021–कोरबा पुराना शहर स्थित सबसे पुराना और पहला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (आदिवासी विकास विभाग) छत्तीसगढ़ प्रदेश में नम्बर–1 शासकीय विद्यालय होगा। इस विद्यालय को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा जिसके निर्माण पर 06 करोड़ 61 लाख रूपये की लागत का अनुमान है। इस विद्यालय भवन को विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए आगे जो भी संभव होगा किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त राशि की स्वीकृत भी की जाएगी। उन्होने आगे कहा कि कोरबा में शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, सड़क, पानी, बिजली पर व्यापक रूप से कार्य किए गए हैं, जो लगातार जारी है, कोरबा के विकास में, लोगों को सुख–सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कोई अवरोध उपस्थित नहीं होने दिया जाएगा।

उक्त बातें राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा के नवीन भवन के शिलान्यास अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा एस.ई.सी.एल. के सी.एस.आर. मद से 06 करोड़ 61 लाख 25 हजार रूपये की लागत से आदिवासी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा के नवीन भवन का निर्माण कार्य कराया जाना हैं, आज आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त भवन का शिलान्यास करते हुए निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद तथा सभापति श्यामसुंदर सोनी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुझे आज इस बात की अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि मैंने जिस विद्यालय में जमीन पर बैठ कर शिक्षा ग्रहण की है, उसी विद्यालय के भव्य एवं सर्वसुविधायुक्त भवन की आधारशिला मेरे हाथों रखी जा रही है, मैं आश्वस्त करता हूँ कि

यह विद्यालय प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में नम्बर–1 का विद्यालय होगा तथा इसे नम्बर–1 बनाने में जो भी संभव हो सकेगा, वह अवश्य किया जाएगा। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि मेरा प्रमुख उद्देश्य है कि ऊर्जानगरी कोरबा को शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, सड़क, पानी, बिजली व खेल आदि सुविधाओं से पूर्ण रूप से सम्पन्न बना सकूँ, इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। उन्होने आगे कहा कि कोरबा में मेडिकल कालेज की स्थापना की गई, जिसका शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा किया जा चुका है। इसी प्रकार स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना, कोरबा शहर के आसपास व सम्पूर्ण जिले में फोरलेन, टू–लेन सड़कों का जाल, डायलिसिस मशीनों की स्थापना के साथ–साथ चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि, शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्थापना करने के साथ–साथ सभी विद्यालयों के भवनों का नवीनीकरण व पुनर्निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों का पुनर्निर्माण व जीर्णोद्धार, नया ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण, अशोक वाटिका का जीर्णोद्धार, उद्यानों, मुक्तिधामों, ग्रेवियार्ड, कब्रिस्तान आदि का निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार व सौदंर्यीकरण, शहर की सड़कों का नवीनीकरण, कोरबा पुराने शहर से सीधे सर्वमंगला मंदिर जाने के लिए 11 करोड़ से रपटा ब्रिज का निर्माण सहित अन्य अधोसंरचनात्मक विकास की कार्ययोजनाओं पर क्रमशः कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कोरबा के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी द्वारा खुले दिल से सहयोग व आशीर्वाद दिया जा रहा है, जिसके लिए मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में कोरबा पेयजल आवर्धन योजना भाग–1 पर काम किया गया, जिसकी स्वीकृति पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत जी के द्वारा दिलाई गई थी, इस योजना के क्रियान्यवन से वार्ड क्र. 01 से लेकर वार्ड क्र. 42 तक के वार्डो में पेयजल की पुरानी समस्या से मुक्ति मिली, वहीं कोरबा पश्चिम क्षेत्र के वार्ड क्र. 43 से 67 तक के वार्डों के लिए पेयजल आवर्धन योजना भाग–2 पर काम किया गया, इस तरह से कोरबा नगर निगम क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल समस्या का सम्पूर्ण निदान किया जा चुका है, वहीं ऊर्जाधानी कोरबा क्षेत्र की बरसों से अंधेरे में डूबी बस्तियों में बिजली जैसी महत्वपूर्ण सुविधा पहुंचाई गई, गली–गली में स्ट्रीट लाईट लगी, सड़क, नाली, सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्य व्यापक रूप से हुए, लोगों की बरसों पुरानी समस्याएं दूर हुई। उन्होने आगे कहा कि कोरबा की उन्नति में, यहां के सर्वागीण विकास में, कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होने आगे कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में स्वसहायता समूहों के माध्यम से 20 हजार महिलाओं को जोड़ा गया था, इन सभी महिलाओं को स्व.शांतिदेवी मेमोरियल सोसायटी के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की योजना पर कार्य किया जाएगा। मैं नागरिक बंधुओं को यह आश्वस्त करता हूँ कि मैं हर सुख–दुख में आपके साथ खड़ा हूँ तथा आगे भी खड़ा रहूँगा, आप विकास के लिए सुझाव दें, उन सुझावों पर अमल किया जाएगा।

<u>राजस्व मंत्री के शब्दकोष में असंभव शब्द नहीं–</u> कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के शब्दकोष में असंभव शब्द का कोई स्थान नहीं है, वे जो ठान लेते हैं, उसे हर हालत में कार्य रूप में परिणत करके दिखाते हैं। उन्होने कहा कि जब–जब कोरबा के विकास की चर्चा होगी, तब–तब राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के योगदान को सर्वोच्च स्थान पर रखा जाएगा। कोरबा के विकास के इतिहास में उनके सहयोग एवं संघर्ष को स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जाएगा। मैं आभारी हूँ राजस्व मंत्री जी का, कि उन्होने कोरबा नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए सदैव मार्गदर्शन दिया तथा यहां के हर नागरिक को अपने परिवार का एक सदस्य मानकर उसके हर सुख–दुख में साथ खड़े रहे हैं। सभापति श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोरबा के विकास में राजस्व मंत्री का योगदान अमूल्य है, जनता ने लगातार तीसरी बार उन्हें विधायक बनाया, यह उनकी लोकप्रियता का प्रतीक है। उन्होने आगे कहा कि कोरबा के विकास के लिए सदैव संघर्ष किया है तथा उन्होने कोरबा को जितना दिया है, वह किसी दूसरे व्यक्ति लिए संभव नहीं है।

अपने क्षेत्र में सफलता हासिल करने वाले आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक व्यपारिक क्षेत्र में सक्षम प्रबुद्धजन अपने विद्यालय के उन्नयन में योगदान दें तो शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आ सकता है। इसी भावना के साथ राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने सभी लोगों से आह्वान करते हुए कहा शास. उ.मा.विद्यालय मिशन रोड, कोरबा के उन्नयन के लिए एस.ई.सी.एल. के सीएसआर मद से 7 करोड़ 11 लाख रूपए का स्वीकृति दिलाने में अथक प्रयास किया हूं जिसका परिणाम आप सभी के सामने है और मैं उम्मीद करता हूं कि शीघ्र ही इस विद्यालय के लोकार्पण अवसर पर एक भव्य समारोह में हम सभी लोग पुनः एकत्रित होंगे। मुझे विश्वास है कि समाज में सफल व्यक्ति जिस विद्यालय से वह पढ़ाई कर संस्कारवान बना और सफलता की ऊंचाईयों तक पहुंचा है, यदि वह अपने विद्यालय के दिनों को याद करते हुए उसमें सुविधा विस्तार करने अथवा उसके उन्नयन के लिए कुछ योगदान कर सके तो, मैं समझता हूं वही स़च्ची गुरू दक्षिणा होगी।

**विद्यालय के पूर्व छात्रों का मिलन समारोह, गुरूजनो का हुआ सम्मान –** इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा के पूर्व छात्रों का मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के सभी सहपाठीबंधुओं को आमंत्रित किया गया था, कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्री गोरेलाल दुबे व पूर्व प्रधान पाठक श्री डी.आर.सारथी को पुष्पगुच्छ, शाल व श्रीफल से राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया, इसके साथ ही राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने सभी सहपाठीबंधुओं को भी शाल व श्रीफल से सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल एवं सभी सहपाठीबंधुओं ने अपने–अपने संस्मरण सुनाए। पूर्व प्राचार्य गोरेलाल दुबे, पूर्व प्रधान पाठक डी.आर.सारथी, वर्तमान प्राचार्या श्रीमती इंदु अग्रवाल आदि ने विद्यालय को भव्य नवीन भवन दिए जाने एवं उसकी आधारशिला रखे जाने राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल को साधुवाद दिया तथा कोरबा के विकास में दिए जा रहे उनके योगदान की भूरि–भूरि सराहना की। सहपाठीबंधुओं ने भी विद्यालय को दी गई इस बड़ी सौगात के लिए राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के प्रति आभार प्रकट किया तथा उन्हें विकासपुरूष बताया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक दाऊराम रत्नाकर, निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सतीश पाण्डेय, विद्यालय विकास समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद अग्रवाल, मेयर इन कांउसिल सदस्य संतोष राठौर, सपना चैहान, सुखसागर निर्मलकर, कृपाराम साहू, फूलचंद सोनवानी, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सत्येन्द्र वासन, राजेन्द्र अग्रवाल, विमल, पार्षद रविसिंह चंदेल, दिनेश सोनी, अनुज जायसवाल, आनंद जायसवाल, एल्डरमेन बच्चू मखवानी, संगीता सक्सेना, रूपा मिश्रा, एस.मूर्ति, उषा तिवारी, अर्चना उपाध्याय, धुरपाल सिंह कंवर, मनीष शर्मा, मुकेश राठौर, महेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, बंटी शर्मा, अजय जायसवाल, गीता महंत, क्राति सोनी, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश यादव, मनोज शर्मा, मनोज ठाकुर, पीयूष पाण्डेय, अवधेश सिंह, सुभाष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सहपाठीबंधु बोधसिंह ठाकुर, सुभाष अग्रवाल, आशीष कुमार चन्द्र, भागीरथी पटेल, श्यामल मल्लिक, दीपक राव, जगदीश श्रीवास, कैलाश अग्रवाल, पूर्णिमा तिवारी, जानकी प्रसाद सोनी, शिव बहादुर सिंह, प्रभात सिंह, श्रीकांत थवाईत, आनंद किशोर, श्यामबहादुर नेवार, लक्ष्मीनारायण चैहान, असिम कुमार पासवान, सतीश जलान, बनवारी पाहुजा, सुरेन्द्र लांबा आदि के साथ सभी सहपाठीबंधु एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।